# एनटीपीसी के साथ
# ऊर्जा के भविष्य को संवारें



## GATE-2023 के माध्यम से इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षुओं–2023 की भर्ती

एनटीपीसी लिमिटेड 73,824 मेगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ भारत का सबसे बड़ा विद्युत समूह है। हमारे देश की समृद्धि की चुनौतियों के साथ सहभागी एनटीपीसी 2032 तक कुल 130 गीगावॉट की स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू कर रही है। अपनी इस महत्वाकांक्षी समृद्धि योजना को प्राप्त करने के लिए एनटीपीसी शानदार अकादमिक उपलब्धियों वाले प्रतिबद्ध, समर्पित, ऊर्जावान युवा स्नातक इंजीनियरों को अपने संगठन में शामिल करना चाहती है जैसे :

| इन विषयों के **इंजीनियरिंग कार्यकारी प्रशिक्षु** |
|---|
| *इलेक्ट्रिकल (120) *मैकेनिकल (200) *इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन (80) *सिविल (30) *माइनिंग (65) |

### योग्यता :

कम से कम 65% अंकों (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 55%) के साथ संस्थान/विश्वविद्यालय के नियमानुसार इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी/एएमआईई में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। अभ्यर्थियों के लिए इंजीनियरिंग (गेट)–2023 में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए उपस्थित हुआ होना अनिवार्य है । नीचे दिए विषयों के लिए चिन्हित निर्धारित डिग्री के साथ ही कोई अभ्यर्थी ईईटी के पद के लिए आवेदन कर सकता है :

| विज्ञापित विषय | इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री |
|---|---|
| **इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग** | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/पावर सिस्टम्स एंड हाई वोल्टेज/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/पावर इंजीनियरिंग |
| **मैकेनिकल इंजीनियरिंग** | मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/थर्मल/मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन/ पावर इंजीनियरिंग |
| **इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग** | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स |
| **इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग** | इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल |
| **सिविल इंजीनियरिंग** | सिविल/कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग |
| **माइनिंग इंजीनियरिंग** | माइनिंग |

### आयु सीमा :

एनटीपीसी में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पर ऊपरी आयु सीमा 27 वर्ष है। एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार लागू है।

### चयन प्रक्रिया :

योग्य अभ्यर्थियों को इंजीनियरिंग (गेट)–2023 में ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट में प्रविष्ट हुआ होना चाहिए और परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। एनटीपीसी में विज्ञापन के विरुद्ध जिन्होंने आवेदन किया है, उन अभ्यर्थियों में से गेट–2023 के प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जायेगा। इसके बाद विज्ञापित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को ''नियुक्ति का प्रस्ताव'' बढ़ाया जायेगा। कृपया ध्यान दें कि ईईटी–2023 भर्ती के लिए केवल 2023 के गेट अंक मान्य होंगे।

**गेट–2023 पेपर का विवरण निम्नानुसार है :**

| इंजीनियरिंग विषयबद्धता जैसा कि एनटीपीसी द्वारा विज्ञापित किया गया | गेट–2023 पेपर के समतुल्य | गेट–2023 पेपर कोड के समतुल्य |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल/पावर सिस्टम्स एंड हाई वोल्टेज/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/पावर इंजीनियरिंग) | **इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग** | **ईई** |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/थर्मल/मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन/ पावर इंजीनियरिंग) | **मैकेनिकल इंजीनियरिंग** | **एमई** |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड पावर/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स) | **इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग** | **ईसी** |
| इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग (इंस्ट्रुमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन/ इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कंट्रोल) | **इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग** | **आईएन** |
| सिविल/कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग | **सिविल इंजीनियरिंग** | **सीई** |
| माइनिंग | **माइनिंग** | **एमएन** |

### अनुमानित रिक्तियां :

प्रत्येक विषय में श्रेणी गत अनुमानित रिक्तियां नीचे दी गई हैं :

| विषय | रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | यूआर | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी |
| इलेक्ट्रिकल | **120** | 56 | 4 | 32 | 18 | 10 |
| मेकेनिकल | **200** | 87 | 19 | 59 | 22 | 13 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रूमेंटेशन | **80** | 54 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| सिविल | **30** | 13 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| माइनिंग | **65** | 27 | 6 | 18 | 9 | 5 |

पीडब्ल्यूबीडीएस के लिए रिक्तियां सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित है। उपरोक्त अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के निर्णय पर बढ़/घट सकती हैं।

**ईईटी (इलेक्ट्रिकल) पद के लिए चिन्हित दिव्यांगता के प्रकार :** अ) डी, एचएच ब) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी स) एएसडी(एम), एसएलडी, एमआई द) एमडी (अ) से (स) शामिल, **ईईटी (मैकेनिकल)** : अ) डी, एचएच ब) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी स) एसएलडी, एमआई द) एमडी (अ) से (स) शामिल, ईईटी **(इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन** : अ) डी, एचएच ब) ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, स) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई द) एमडी (अ) से (स) शामिल, **ईईटी (सिविल) :** अ) डी, एचएच, ब) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी स) एसएलडी, एमआई द) एमडी (अ) से (स) शामिल, **ईईटी (माइनिंग)** : पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए चिन्हित नहीं।

### मुआवजा पैकेज :

चयनित अभ्यर्थी **वेतनमान रुपये 40,000 – 1,40,000/– के मूल वेतन रुपये 40,000 (ई 1 ग्रेड)** पर रखे जाएंगे। अन्य लाभ जैसे कि महंगाई भत्ता, अन्य अतिरिक्त सुविधाएं और भत्ते, सेवानिवृत्ति लाभ इत्यादि प्रशिक्षण के दौरान/समावेशन के बाद समय–समय पर कंपनी के नियमों के मुताबिक स्वीकार्य होंगे।

### नियोजन :

चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न स्थानों पर एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। पदस्थापन का अंतिम स्थान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद तय किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को एनटीपीसी की सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों समेत पूरे देश में कहीं भी किसी भी परियोजनाओं/स्टेशनों में पदस्थापित किया जा सकता है।

पदधारियों को विद्युत संयंत्रों के शिफ्ट संचालन के लिए परियोजनाओं/स्टेशनों पर तैनात किया जाएगा और उन्हें शिफ्ट (रात की शिफ्ट सहित) में काम करना होगा। पद के लिए आवेदन को शिफ्ट (रात की शिफ्ट सहित) में काम करने के लिए अभ्यर्थी की सहमति मानी जायेगी।

### आरक्षण और छूट :

1. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करेन वाले अभ्यर्थियों के पास आवश्यक रुप से सक्षम पदाधिकारी से ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एससी/एसटी/दिव्यांगता प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, होना चाहिए। एससी/एसटी/ओबीसी/एक्सएसएम/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण और छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान की जायेगी। एससी/एसटी/ओबीसी (नॉन क्रीमीलेयर)/पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिन्हित रिक्तियों में छूट दी जोयगी।
2. श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) ऑनलाइन आवेदन फार्म में एक बार भर जाने के बाद बदली नहीं जाएगी और बाद में अन्य श्रेणी के कोई भी लाभ स्वीकार्य नहीं होंगे। यदि बुलाया जाता है तब आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित नवीनतम प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए जरूरी प्रमाणपत्र जमा करने होंगे।
3. क्वालिफाइंग परीक्षा में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों वाले एससी, एसटी और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों, ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्षों की छूट दी गई है। यह छूट पीडब्ल्यूबीडी सामान्य/ईडब्ल्यूएस के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी–ओबीसी के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी– एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए 15 वर्ष है। क्रीमीलेयर से संबंधित ओबीसी अभ्यर्थी ओबीसी श्रेणी के लिए स्वीकार्य छूट के हकदार नहीं हैं और ऐसे अभ्यर्थियों को खुद को सामान्य श्रेणी का बताना होगा। ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (नान क्रीमीलेयर) अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा **केवल वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए जारी** आवश्यक प्रमाणपत्र जमा करना होगा। इसके अलावा, पूर्व सैनिकों (एक्सएसएम) के लिए आयु में छूट भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार होगी।

### सेवा अनुबंध प्रतिज्ञापत्र :

सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी श्रेणी के चयनित अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक एक वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कम से कम 3 वर्षों के लिए कंपनी की सेवा करने के लिए रुपये 5,00,000/– (एससी/एसटी, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए रुपये 2,50,000/–) का एक सेवा अनुबंध प्रतिज्ञापत्र निष्पादित करना होगा।

### स्वास्थ्य :

शामिल होने से पहले, अभ्यर्थियों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराना होगा और बोर्ड का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट : **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

जारी.....

पिछले पृष्ठ से जारी

**आवेदन कैसे करें :**

1. अभ्यर्थियों को एनटीपीसी ईईटी–2023 के लिए अपने गेट–2023 पंजीकरण संख्या के साथ वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा या **www.ntpc.co.in** पर करियर अनुभाग देखें।
2. ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को अपना फोटोग्राफ अपलोड करना होगा और गेट–2023 पंजीकरण संख्या दर्ज करनी होगी।
3. निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और गेट–2023 पंजीयन संख्या सहित सटीक जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरें। सफल आवेदन के बाद सिस्टम एक **यूनिक आवेदन संख्या** सृजित करेगा। अभ्यर्थियों को **आवेदन पर्ची डाउनलोड** करनी होगी और आवेदन पर्ची का प्रिंट आउट अपने पास रखना होगा जो सफल आवेदन के बाद सिस्टम द्वारा सृजित किया जायेगा।
4. **कृपया सुनिश्चित करें कि गेट–2023 पंजीकरण संख्या, जो आपके गेट–2023 स्कोर कार्ड पर अंकित है, सही ढंग से भरी गई है।** नाम गेट स्कोर कार्ड में प्रदर्शित नाम की तरह ही भरा जाना चाहिए। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद अभ्यर्थी द्वारा दर्ज किये गये किसी भी डेटा में बदलाव के संबंध में किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को अप्रतिदेय आवेदन शुल्क रुपये 300/– अदा करना होगा। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम श्रेणी और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क नहीं देना होगा। भुगतान **ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन तरीके** से किया जा सकता है।
6. **अ. ऑफलाइन तरीके से भुगतान :** एनटीपीसी की तरफ से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएजी शाखा, नई दिल्ली में विशेष रूप से खोले गए खाता (संख्या **30987919993**) में पंजीयन शुल्क संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ निकट की एसबीआई शाखा से संपर्क कर सकते हैं जो आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध है। आवंटित खाते में शुल्क राशि उपयुक्त तरीके से जमा करने के लिए केवल पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप ही उपयोग में लाई जानी चाहिए। शुल्क प्राप्त होने पर बैंक द्वारा एक यूनीक जर्नल नंबर और एक ब्रांच कोड जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पंजीयन के दौरान यह जर्नल नंबर और ब्रांच कोड भरा जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी गलत खाते में शुल्क जमा कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।
7. **ब. ऑनलाइन तरीके से भुगतान :** अभ्यर्थी (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) ऑनलाइन भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।
8. एक बार अदा किया जा चुका शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों से निवेदन है कि वे आवेदन शुल्क अदा करने से पहले अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें।

**सामान्य सूचनाएं और निर्देश :**

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन के लिए पात्र हैं।
2. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंड पूरा करता है।
3. सभी योग्यता किसी भारतीय विश्वविद्यालय/एआईसीटीई द्वारा प्रमाणीकृत संस्थान/उपयुक्त वैधानिक प्राधिकार प्राप्त संस्थान से होनी चाहिए।
4. आयु की सभी गणना विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के आधार पर की जायेगी।
5. किसी भी मैनुअल/पेपर आवेदन पर विचार नहीं होगा।
6. यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी झूठी पाई गई अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के साथ उपयुक्त नहीं पाई गई तो किसी भी पंजीकृत अभ्यर्थी की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया या भर्ती अथवा शामिल होने के किसी भी स्तर पर खारिज की जा सकती है। किसी भी रुप में अनुयाचन करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।
7. ऑनलाइन आवेदन फार्म में उल्लिखित ईमेल आईडी कम से कम अगले एक वर्ष तक बनी रहनी चाहिए। एक बार उल्लेख कर दिए जाने के बाद ईमेल आईडी में किसी भी तरह के बदलाव की अनुमति नहीं होगी। भविष्य में किया जाने वाला कोई भी पत्र व्यवहार केवल ई–मेल के जरिए भेजा जाएगा।
8. सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त संस्थाओं में रोजगाररत अभ्यर्थी यदि उक्त पद के लिए चुन लिए गए हैं तो, शामिल होने के समय वर्तमान संगठन से जारी किया हुआ रिलीविंग लेटर जमा करना आवश्यक होगा।
9. केवल यह तथ्य कि किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के विरुद्ध आवेदन जमा किया है और स्पष्ट रुप से विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है, उसे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए निश्चित रुप से बुलाये जाने का अधिकार नहीं दिया जायेगा।
10. यदि आवश्यकता हुई, तो एनटीपीसी बिना कोई अन्य सूचना जारी किए अथवा बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को निरस्त/प्रतिबंध/बढ़ाने/संशोधित/बदलाव करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. इस विज्ञापन और/या उसके जवाब में किसी आवेदन से उत्पन्न दावे या विवाद के किसी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में की जा सकती है और केवल दिल्ली के न्यायालय/न्यायाधिकरणों/फोरमों के पास ऐसे किसी भी कारण/विवादों की सुनवाई का एकमात्र और विशेष क्षेत्राधिकार होगा।
12. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

| **महत्वपूर्ण तिथियां :** | | |
|---|---|---|
| अ | **ऑनलाइन पंजीयन की शुरुआत** | **06.10.2023** |
| ब | **ऑनलाइन पंजीयन के लिए अंतिम तिथि** | **20.10.2023** |

**एनटीपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 **वेबसाइट www.ntpc.co.in**
**सीआईएन :** L40101DL1975GOI007966

Advt No. 22/22 (detailed advt.)

हमें फॉलो करें : /ntpc1 /ntpclimited /ntpcltd1 /company/ntpc

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*

**CBC 34126/12/0039/2324**